# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

**दिनांक-24.10.2025**

**विषय:- थाना रोहनिया पुलिस टीम द्वारा चोरी के मामले मे 03 नफर अभियुक्त गिरफ्तार, व चोरी गयी साइकिल बरामद।**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओं के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के कुशल नेतृत्व में थाना रोहनिया पुलिस टीम द्वारा "ऑपरेशन चक्रव्यूह" के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 0308/2025 धारा -303(2) बीएनएस थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी के 03 नफर अभियुक्त को आज दिनांक 24.10.2025 समय करीब 01.10 बजे बच्छांव पश्चिमपुरा से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 01 अदद साइकिल व घटना मे प्रयुक्त मोटरसाइकिल को बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना रोहनिया पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरण-**

1-दिनांक 23.10.2025 को वादी मुकदमा ने अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी साइकिल चुरा ले जाने के सम्बन्ध मे प्रार्थना पत्र दिया था जिसके आधार थाना रोहनिया मे सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 राकेश कुमार यादव द्वारा सम्पादित की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-**

1.अमित कुमार पुत्र छब्बर निवासी चंदापुर थाना राजातालाब वाराणसी उम्र करीब 23 वर्ष।

2. राजबली पुत्र बृजलाल भारती निवासी चंदापुर थाना राजातालाब वाराणसी उम्र करीब 23 वर्ष।

3. शिवम पुत्र दीपक निवासी चंदापुर थाना राजातालाब वाराणसी उम्र करीब 21 वर्ष।

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-**

दिनांक 24.10.2025 समय करीब 01.10 बजे, बच्छांव पश्चिमपुरा से।

**बरामदगी का विवरण-**

एक अदद साइकिल, सीज शुदा एक अदद घटना में प्रयुक्त वाहन मोटरसाइकिल।

**आपराधिक इतिहास-**

मु0अ0सं0 0308/2025 धारा -303(2) बीएनएस थाना रोहनिया कमिश्नरेट।

**गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

प्रभारी निरीक्षक राजू सिंह, उ0नि0 राकेश कुमार यादव, हे0का0 रामेश्वर यादव, का0 अवनीश यादव, हे0का0 अमरनाथ यादव थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी।



**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त**
**वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।**